# जिले में आज होगी अधिसूचना जारी

**करौली,** (निं.सं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ सिहाग ने बताया कि जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन की अधिसूचना आज 29 नवम्बर सोमवार को जारी की जायेगी।एवं नाम निर्देशन पत्र 2 दिसम्बर गुरूवार प्रातः 11 बजे से अपरा 3 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकेंगे। उन्होने बताया की नाम निर्देशन पत्रों की संमीक्षा प्रातः 11 बजे से एवं नाम वापसी 4 दिसम्बर अपरा 3 बजे तक लिये जा सकेंगे।

चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को 4 दिसम्बर शनिवार नाम वापसी समय समाप्त होने के पश्चात चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जायेगा। प्रथम चरण के लिये मतदान 12 दिसम्बर का,सपोटरा,मासलपुर एवं मंडरायल में द्वितीय चरण के लिए 15 दिसम्बर को,करौली,हिण्डौन व श्रीमहावीरजी में एवं तृतीय चरण के लिये 18 दिसम्बर को नादौती व टोडाभीम में मतदान प्रातः 7:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक कराया जायेगा।

21 दिसम्बर को जिला मुख्यालय पर मतगणना प्रातः 9 बजे से प्रारंभ की जायेगी।

# भरतपुर में 25 लाख रुपये के मोबाइल चोरी

**भरतपुर**,(निसं)। भरतपुर की आदर्शनगर कालोनी का बहुचर्चित एक मकान इस बार फिर सुर्खियों में है। अब तक एक महिला की जघन्य हत्या के अलावा तीन बार चोरियों को लेकर सुर्खियों में रहे कृष्णा मोबाइल वालो के इस मकान में इस बार ओप्पो कम्पनी के करीब 25-30 लाख रुपये के मोबाइलों के चोरी हो जाने से सनसनी फैल गई।

पता चला है कि शहर के कोतवाली थाना इलाके के आदर्श कॉलोनी में देर रात चोरों ने ओप्पो कंपनी के ऑफिस से करीब 25 लाख रुपये के मोबाइल चोरी कर लिए। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चोरी की इस सनसनीखेज वारदात में रात करीब 2 बजे 2 चोर दीवार फांदकर ऑफिस में दाखिल हुए और 1 घण्टे के अंदर करीब 25 लाख के मोबाइल चोरी कर ले गए। चोरों ने मोबाइल के डिब्बों से फोन निकाल लिए और उन्हें दो बैग में भर लिया और रफूचक्कर हो गए। मजेदार बात यह है कि ओप्पो के इस आफिस में इतने



**भरतपुर की आदर्शनगर कालोनी का बहुचर्चित एक मकान इस बार फिर सुर्खियों में है। चोर करीब 25 लाख के मोबाइल ले गये।**

कीमती माल के होने के बाद भी रात में कोई चौकीदार तक नही था। ऑफिस में सुखदेव चौधरी नाम का कर्मचारी रहता भी बताया लेकिन वह भी शनिवार को वह अपने घर अलवर चला गया। रविवार शाम जब ओप्पो का एक दूसरा कर्मचारी ऑफिस पहुंचा तो चोरी का पता चला। गौरतलब है कि वर्ष 2018 से अब तक इस घर मे हुई चोरी की चार घटनाओ के अलांबा 10 अप्रैल 2019 को मिथलेश नाम की एक महिला की इसी घर मे जघन्य हत्या हो चुकी है।

# ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**भरतपुर** (निस) । महात्मा ज्योतिबा फुले की 131 बी पुण्यतिथि पर सूरजपोल चौराहे पर पार्षद रामेश्वर सैनी एवं रामगोपाल सैनी एडवोकेट व सैनी समाज महिला जिला अध्यक्ष बबीता सैनी सहित समाज के अनेक लोगों ने उनकी प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की । इस मौके पर समाजसेवी राहुल सैनी टीटू सैनी ऋषि राज, गिरीश सैनी शिवम सैनी गोपी सैनी श्यामू सैनी चेतन सैनी आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगोपाल सैनी एडवोकेट ने कहा आने की सत्यशोधक समाज एक तरह से ब्राह्मण संस्कृति या हिन्दू धर्म को नकारने जैसा प्रयास था। जिसके प्रभाव में आकर लोगों ने पुरोहितों से किनारा करना शुरू कर दिया।

आधुनिक भारत के इतिहास में 19वीं शताब्दी सही मायनों में परिवर्तन की शताब्दी थी। अनेक महापुरुषों ने उस शताब्दी में जन्म लिया। कार्यक्रम में पार्षद किशोर सैनी ने कहां यदि किसी एक को 'आधुनि वास्तुकार' चुनना पड़े तो वे महात्मा ज्योतिबा फुले ही होंगे। उनका कार्यक्षेत्र व्यापक था सैनी समाज महिला जिला अध्यक्ष बबीता सैनी ने कहा। स्त्री शिक्षा, बालिकाओं की भ्रूण हत्या, बाल-वैधव्य, विधवा-विवाह, बालविवाह, जातिप्रथा और छूआछूत उन्मूलन, धार्मिक आडंबरों का विरोध आदि ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज न कराई हो। 28 नवम्बर, 1890 को महात्मा ज्योतिराव फुले का निर्वाण हो गया।

कार्यक्रम में पार्षद रामेश्वर सैनी ने महात्मा ज्योतिराव फूले के जीवन परिचय के बारे में बताएं महात्मा ज्योति राव फूले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में शूद्र वर्ण की माली जाति में हुआ था। जिन्हें 'मनुस्मृति' के विधान के हिसाब से न शिक्षा प्राप्त करने की आजादी थी और न अपनी मर्जी का पेशा चुनने की। लेकिन वक्त बदल चुका था। ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा भारत में 'दासता उन्मूलन अधिनियम-1833' और मैकाले द्वारा प्रस्तुत 'मिनिट्स ऑन एजुकेशन' (1835) लागू किये जा चुके थे। यह मनुस्मृति-आधारित सामाजिक व्यवस्था को बदलने वाली एक महान पहल थी जिसमें जॉन स्टुअर्ट मिल की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# बकाया वसूली के लिए विद्युत निगम ने चलाया विशेष अभियान

**बयाना**,(निसं)। राजस्व वसूली में लगातार पिछड रहे विधुत निगम के बयाना खंड में अब विधुत निगम की ओर से बकाया राजस्व वसूली का विशेष अभियान चलाया गया है। निगम के सहायक अभियंता विवेक शर्मा ने बताया कि सरकार की ओर से ऐसे उपभोक्तओं के लिए एमनेस्टी स्कीम भी चालू की गई है। किन्तु फिर भी काफी उपभोक्ता बकाया राशि जमा नहीं करवा पा रहे है। स्कीम के तहत घरेलू या नियमित या कटे हूए कनैक्शनों की एकमुश्त बकाया राशि जमा कराने पर अब बकाया राशि की 50 प्रतिशत पैनल्टी व ब्याज में छूट दी जा रही है तथा कृशि उपभोक्ताओं की पूर्ण पैनल्टी व ब्याज माफ की जा रही है। इसके अलावा पुरानी वीसीआर में समय सीमा की बाध्यता को षिथिल किया है। बार बार कहने के बावजूद बकाया राषि जमा नही कराने वाले सभी विद्युत उपभोक्ताओं के अब कनैक्शन काटने व ट्रांसफार्मर उतारने का भी अभियान षुरू किया गया है। अभी यह अभियान सामरी, बुढवार, दर्रबराहना, तरसूमा, थानाडांग, फरसों, गुर्धानदी, वमूरी, मूडिया, मिलकपुर, श्रीनगर, बांसरौली, महमदपुरा, बंधबारैठा, कोट व जैसोरा, आदि गांवों सहित कस्बा बयाना में भी चलाया गया है। अभियान के तहत 40 बकाएदारों की ओर से बकाया राषि जमा नही कराने पर उनके कनैक्शन काटे गए। इसके अलावा गांव बांसरौली व मिलकपुर के दो ट्रांसफार्मर भी खुलवाकर उतरवाए गए है। टीम में कनिष्ठ अभियंता ओमप्रकाश शर्मा, नितिन डागुर, पंकजसिंह, सहित करीब 3 दर्जन विद्युत कर्मियों की टीम शामिल है। सहायक अभियंता ने बताया बकाया वसूली अभियान निरंतर जारी रहेगा।

- **40 के काटे कनैक्शन, कई के उतारे ट्रांसफार्मर**



**बयाना के एक गांव में बकाया वसूली के लिए पहुंची टीम।**

# कांग्रेस टिकिट के लिए 500 उम्मीदवारों ने जमा करवाये बायोडाटा

**टोडाभीम**, (नि.सं.)। हाल ही में पंचायत चुनावों की घोषणा के बाद से क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां तेज होने के साथ ही सोमवार को विधायक पृथ्वीराज मीना के रोड़वेज बस स्टैंड स्थित कार्यालय पर पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद सदस्य का चुनाव लड़ने वाले 500 उम्मीदवारों के द्वारा अपने बायोडाटा जमा करवाये गए।

विधायक पृथ्वीराज मीना ने जानकारी पर बताया कि कांग्रेस पार्टी जिताऊ व टिकाऊ उम्मीदवार को ही पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद के चुनाव में अपना उम्मीदवार बनाएंगी। पंचायत समिति सदस्यों के टिकट के लिए कांग्रेस पार्टी से टिकट वितरण में क्षेत्रीय विधायक की अहम भूमिका रहेगी। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के लिए सरकार ने अधिसूचना जारी करने के बाद क्षेत्रीय विधायक पृथ्वीराज मीना के आवास पर चुनाव लड़ने वाले इच्छुक लोगों का सोमवार को देर शाम तक जमावड़ा लग रहा। चुनाव के भावी प्रत्याशी पार्टी का टिकट हासिल करने के लिए विधायक पृथ्वीराज से संपर्क करने के लिए अपनी-अपनी जुगत बिठाने में लगे हुए हैं। विधायक पृथ्वीराज मीना का कहना है कि कांग्रेस पार्टी जिताऊ व टिकाऊ को ही अपना उम्मीदवार घोषित करेगी उन्होंने जानकारी पर बताया कि सोमवार को कांग्रेस पार्टी से टिकिट के लिए 500 उम्मीदवारों के द्वारा अपने बायोडाटा जमा करवाये गए। बायोडाटा देने के दौरान विधायक मीना ने कहा कि पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार टिकट वितरित किये जाएंगे। विधायक कार्यालय पर टिकिटार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए दिनभर पुलिस के जवान तैनात रहे।

- **चुनावी सरगर्मियां तेज हुई**

# पंचायत की अनदेखी, ग्रामीण परेशान

**मंडावर** (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के ग्राम रसीदपुर में घरों से निकलने वाले गन्दे पानी का निकास नही होने की वजह से गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाने की वजह से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

जानकारी के अनुसार रसीदपुर ग्राम पंचायत के वार्ड 9 में घरो से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी नही होने की वजह से गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है। जिससे वहाँ से गुजरने वाले लोगो को दुर्घटना होने का डर बना रहता है। विनय तिवाड़ी, लखन कोली,बीरबल सैनी,योगेश,गोपाल रावत,राहुल कोली व दीपक तिवाडी ने बताया कि ग्राम पंचायत की अनदेखी के चलते नलियों की सफाई नही होने की वजह से घरो से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाता है। यह गांव का प्रमुख रास्ता भी है। इस रास्ते पर राजकीय विद्यालय व राजकीय अस्पताल मौजूद होने की वजह से इस रास्ते पर होकर अधिकतर लोगों को गुजरना पड़ता है। जँहा विद्यालय में बच्चे पढ़ाई के लिए आते हैं।

# मुमुक्षुओं के सम्मान में निकाला वरघोड़ा, बहुमान में उमड़ा सैलाब

**गंगापुर सिटी**,(निसं)। अरिहंत भगवान और जैन धर्म के गगनभेदी जयकारो के बीच रविवार को जैन भागवती दीक्षा लेने वाले युवक अरिहंत जैन व युवती भव्या जैन का भव्य वरघोडा निकाला गया। प्रन्यास प्रवर मुनि धैर्य सुंदर, मुनि निर्मोह सुंदर आदि ठाणाचार की अगवानी में शहर के प्रमुख बाजारों से बैंड बाजों के साथ निकले वरघोडे का जैन व जैनेत्तर समुदाय के लोगों ने स्वागत किया। समापन पर नसिया स्थ्ति जैन श्वेतांबर मंदिर में समाज के लोगों व संघों ने दीक्षार्थी मुमुक्षूओं का उनके सांसारिक माता-पिता के साथ बहुमान किया। इससे पहले 9 बजे शत्रुंजय मोटर परिसर से जैन ध्वज पताकाओं से सजी बग्गी में मुमुक्षूओं को सवार किया गया। श्वेतांबर जैन समाज के अध्यक्ष रीतेश पल्लीवाल ने वरघोडा को रवाना दी। रास्ते में दीक्षार्थियों की ओर से वरसीदान किया गया। इसे प्राप्त करने में लोगों की श्रद्धा देखते हीं बन रहीं थी। कई जगह जैन श्रावकों ने मुनि संघ की वंदन की। रोली कुमकुम का तिलक कर मुमुक्षूओं बहुमान किया। श्वेतांबर जैन मंदिर के अध्यक्ष पारस चंद जैन ने बताया की मुमुक्षू भाई अरिहंत की जैन भागवती दीक्षा 21 जनवरी को खेडली में तथा मुमुक्षू बहन भव्या की दीक्षा नदबई में 15 जनवरी को होगी। इस अवसर पर जैन समाज के उपाध्यक्ष विजय जैन भगवान सहाय, विकास जैन, मोनू, पदम चंद जैन, हेमंत जैन, अनिता, बबिता आदि सहित काफी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित थे। प्रन्यास प्रवर जैन मुनि धैर्य विजय सुंदर महाराज ने जैन मुमुक्षूओं के बहुमान के दौरान कहा की संयमित जीवन मोक्ष मार्ग का आधार होता हैं। उन्होंने कहा जीवन में सबकुछ तय होता हैं लेकिन जन्म और मृत्यु निर्धारित नहीं होती हैं।



**जैन मुमुक्षूओं का वर घोडा निकाला।**

# भाजपा कार्यकर्ताओं को बताये चुनाव जीतने के टिप्स

**गंगापुर सिटी** (नि.स)। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा आयोजित बूथ शक्ति सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत के टिप्स बताये।

उन्होंने कहा की बूथ जीता तो चुनाव जीता। अगर बूथ सशक्त होगा तो मंडल मजबूत होगा और चुनाव जीतने में आसानी रहेगी। यह सम्मेलन ईदगाह मोड स्थित सोनी मैरिज होम में आयोजित किया गया।

वहीं मंडल प्रभारी राजेश गोयल ने अपने संबोधन में कहा की भाजपा कार्यकर्ता चुनाव के समय बूथ पर उपस्थित रहकर मतदाताओं से मत डलवाए अगर सहीं समय पर मत डल गए निश्चित रूप से पार्टी का उम्मीदवार जीतेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता के चित्रपट पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

# कांग्रेस को ले डूबेंगे मुख्यमंत्री के सलाहकार, विधानसभा चुनाव में होगा सूपड़ा साफ : डॉ. किरोडी लाल मीणा

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद डॉ किरोडी लाल मीणा सवाई माधोपुर से महुआ जाते समय दोपहर 1 बजे गंगापुर सिटी पहुंचे। जयपुर रोड स्थित एक निजी फॉर्महाउस पर भाजपाईयों ने माला व साफा पहनाकर आतिशबाजी करते हुए डॉ किरोडी लाल का स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए सांसद डॉ किरोडी लाल ने कहा की मुख्यमंत्री के सलाहकार हीं कांग्रेस को ले डूबेंगे और इन सलाहकारों की वजह से अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का सुपडा साफ हो जायेगा। मीणा ने कहा की सलाहकार जन कल्याण की सलाह नहीं देकर अनर्गल बयानबाजी कर रहें हैं। कांग्रेस के कुशासन में हर वर्ग के लोग दुखी हैं। दलित, आदिवासी एवं महिलाओं पर अत्याचार किये जा रहें हैं। पुलिस थानों में एफआईआर भी दर्ज नहीं की जा रहीं हैं किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा हैं। बिजली की दरों में हर माह बढोतरी की जा रहीं हैं। सरकार ने ना किसानों की संपूर्ण कर्जमाफी का वादा पूरा किया ना बेरोजगारों को रोजगार मिला बल्कि रोजगार मांगने वालों का जेल में डाला जा रहा हैं। मुकदमे दर्ज किये जा रहें हैं। भर्तियों में घोटाले पर घोटाले हो रहें हैं। दुष्कर्म, गुंडागर्दी, चोरियों की वारदात बढ रहीं हैं। वहीं राजनैतिक संरक्षण के कारण मंदिरों की जमीनों व सरकारी भूमियों पर भूमाफिया कब्जे कर रहें हैं। गहलोत ने हर विधायक को उसके क्षेत्र का मुख्यमंत्री बना रखा हैं। नियमों की जमकर धज्जियां उडाई जा रहीं हैं। कर्मचारी अधिकारियों के स्थानांतरण में अवैद्य वसूली व भ्रष्टाचार का खेल चल रहा हैं। कांग्रेस के शासन में तुष्टीकरण की नीति अपनाई जा रहीं हैं।

# अपने नए प्रेमी के साथ साजिश कर पुराने प्रेमी की हत्या के मामले में मास्टरमाइंड महिला भेजी जेल

**बयाना** । बयाना उपखंड के गांव बरौदा में कुछ दिन पूर्व अधेड उम्र के एक दूधिया के ब्लाइंड मर्डर के मामले में गिरफतार की गई मास्टरमाइंड महिला को गिरफतारी व रिमांड पूरे होने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रैट की अदालत में पेष किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रैट के आदेष पर आरोपी महिला को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

आरोपी महिला गांव बरौदा निवासी पूजा गुर्जर पत्नी मुखराम आयु 28 वर्श बताई है। पुलिस उपाधीक्षक अजयषर्मा ने बताया कि गत 19 नवम्बर को गांव बरौदा में उसके खेत के पास मलखान गुर्जर आयु 55 वर्श का क्षत विक्षत षव मिला था। जिसकी अज्ञात हत्यारों ने धारदार हथियारों से निर्मम हत्या कर दी थी। इस ब्लाइंड मर्डर के खुलासे के लिए जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विष्नोई की ओर से थाना प्रभारी रूदावल मनीश षर्मा के नेतृत्व में विषेश पुलिस टीम गठित की गई थी। टीम ने विषेश तकनीक से अनुसंधान करते हुए इस ब्लाइंड मर्डर का मात्र 6 दिनों में ही खुलासा कर इस आरोपी महिला को गिरफतार किया था। महिला से पूछताछ में जो कहानी सामने आई। वह सभी को चौकाने वाली और सामाजिक रिष्तों व मर्यादाओं को तार तार करने वाली थी। आरोपी महिला से पूछताछ में पता लगा कि मृतक दूधिया का उनके घर काफी समय से आना जाना था और करीब 3 वर्श पूर्व इस महिला के मृतक दूधिया से सम्पर्क बन गए थे। यह सम्पर्क भी इन दोनों के बीच इतने प्रगाढ हो गए थे कि वह इस महिला से पति की भांति व्यवहार करने लगा था। महिला का पति पुलिस में कांस्टेबल बताया। यह महिला काफी पढी लिखी है। जो अपने पति की भांति सरकारी नौकरी में जाने की इच्छुक थी। जिसने गत माह आयोजित रीट परीक्षा में भी षामिल होकर परीक्षा दी थी। इस परीक्षा के दरम्यान ही इस महिला के अपने से करीब 10 वर्श छोटे अपने ही गांव के एक अन्य युवक से सम्पर्क हो गया। और यह सम्पर्क दोनों के प्रेम में बदल गया।बस यहीं से कहानी बदलती चली गई और इस महिला ने अपने नए प्रेमी के साथ साजिष रचकर अपने पुराने प्रेमी मलखान सिंह की योजनाबद्ध तरीके से बडी ही सफाई के साथ हत्या करवा दी।

# यूथ कांग्रेस अध्यक्ष ने दौरा किया

**टोडाभीम,** (नि.सं.)। यूथ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष महेश मीना के द्वारा रविवार को बालघाट क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर आगामी पंचायती राज्य के चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया।टोडाभीम यूथ कांग्रेस के महासचिव पंकज महावर,सचिव हनुमान सिंह मीना,सचिव नीरज महावर,सहसचिव सतीश कुमार ने बताया कि रविवार को अध्यक्ष के द्वारा बालघाट पाडली शंकरपुर बदलेटा कुढावल मोहनपुर करीरी खानपुर सहित कई गांवो का दौरा करके आगामी पंचायती राज के चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से मिले हैं मीना ने कहा बताया कि हमारा लगातार प्रयास जारी है कि योग्य उम्मीदवारों को टिकट दें जो आसानी से अपनी सीट को निकाल सके साथ ही उन्होंने मतदाताओं से भी अपील करते हुए कहा कि बहुत सोच समझ कर मतदान देने करें क्योंकि आपका एक वोट देश के भविष्य की दिशा और दशा को तय करता है इस दौरान हनुमान सिंह मीणा पाडली के द्वारा अध्यक्ष का माला साफा पहनाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम मे टोडाभीम यूथ कांग्रेस महासचिव वसीम खान दिनेश बेरवा बबलू कमालपुरा दिनेश बड़ापुरा धर्मवीर नांगलशेरपुर आदि के साथ में कई कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद रहे।

# लैब संचालक रोगियों के जीवन के साथ कर रहे हैं खिलवाड़

**करौली**, (निं.सं.)। जांचो की रोगियों से मनमानी राशि वसूलने और गलत जांच रिपोर्ट देखकर उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करने का जिला मुख्यालय पर गोरखधंधा जोरों पर जारी है। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन आंखें बंद कर बैठा हुआ है।

सरकार ने भले ही वाहवाही लूटने के लिए रोगियों की निशुल्क जांच और दवा की व्यवस्था कर रखी हो मगर सरकारी चिकित्सालय में रोगियों की होने वाली जांच और उपचार के लिए मिलने वाली दवाओं से लोगों का विश्वास उठ चुका है। निजी लैबो पर महंगे दामों में जांच कराने के अलावा चिकित्सक से सरकारी दवाओं के स्थान पर बाहरी दबा का रोगी उपचार लेने के लिए विवश हो रहे हैं। यही नहीं निजी लैबो पर महंगे दामों में हो रही जांचों की भिन्नता से रोगियों के जीवन के साथ सरेआम खिलवाड़ होता देखा जा रहा है।

उदाहरण के तौर पर जिला मुख्यालय का सामान्य चिकित्सालय में होने वाली जांच इस बात का सबूत है कि किस प्रकार रोगियों के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है। गंभीरप्रद तो यह है कि जिला मुख्यालय पर चिकित्सा विभाग और जिला प्रशासन के आला अधिकारी बैठने के उपरांत भी रोगियों के जीवन के साथ खिलवाड़ के अलावा जमकर लुटाई हो रही है जो यहां के प्रशासन की कार्यशैली पर दीए तले अंधेरा वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है।

आश्चर्यजनक बात तो यह है कि जिला मुख्यालय पर अवैध रूप से मेडिकल स्टोर संचालित हैं। जिन पर अप्रशिक्षित लोग रोगियो को दवाई दे रहे हैं। यही नहीं निजी लैबो पर भी अप्रशिक्षित लोग धड़ल्ले से रोगियों के सैंपल लेकर जांच रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं जो जिला स्तरीय अधिकारियों की आंखों से ओझल हैं देखने लायक यह है कि किस प्रकार रोगियों के जीवन के साथ खिलवाड़ और मनमानी राशि वसूली जा रही है।

जिसका उदाहरण यहां का अभिषेक भारद्वाज नाम का युवक है जिस की तबीयत बिगड़ने पर परिवार के लोगों ने उसे करौली सामान्य चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया और उपचार के लिए जांच कराई जिन जॉचो की भिन्नता देख रोगी ही नहीं परिवार जन सकते में आ गए। एक दिन मे ही कराई डेंगू की जांच रिपोर्ट में सरकारी अस्पताल में प्लेटलेट्ट 12हजार तो वही एक निजी लैब की जांच मे 17 हजार और तीसरी जांच रिपोर्ट में 19हजार प्लेटलेट्ट दर्शाई गई है।

यही नहीं सरकारी अस्पताल की हिमोग्लोबिन जॉच रिपोर्ट मे 9.1 पॉइंट एक और एक निजी लैब पर 13.1 पॉइंट एक तो वहीं दूसरे निजी लैब पर 13.8 हिमोग्लोबिन की जांच रिपोर्ट है। वही जयपुर के एक निजी अस्पताल मे कराई गई जॉच रिपोर्ट मे हिमोग्लोबिन 13.1 और प्लेटलेट्ट 43हजार दर्शायी गई। यह तो एक बानगी है। इसके अलावा अधिकांश रोगियों के साथ भी ऐसा ही होता देखा जा रहा है मगर चिकित्सा विभाग और जिला प्रशासन आंखें बंद कर बैठा है। जिससे रोगियों की उपचार के नाम पर जमकर लुटाई और उनके जीवन के साथ खिलवाड़ होता देखा जा रहा है।

इस मामले को लेकर सामान्य चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी पूरणमल से जानकारी ली गई तो उनका कहना था की सरकारी अस्पताल की जॉच मशीने नई है फिर भी अगर कोई भिन्नता है तो इंन्जीनियरो से मशीनो की जॉच करायेंगे।

## सार-समाचार

### नाव से बकरियों को चारे की व्यवस्था



**करौली**, (निं.सं.) करौली शहर के मासलपुर गेट स्थित गरीब तबके के लोग बकरी पालन करने के लिए ड्रमों की सहायता से भद्रावती नदी को पार करने को मजबूर हो रहे है। दूसरे किनारे से चारा लाया गया वैकल्पिक तौर पर दिमाग लगाकर नाव बनाने का अनूठा कारनामा सामने आया है। चारा लाने के लिए नदी के दूसरे किनारे से चारा लाया जाता है जो कि उनको मजबूरन जान जोखिम में डालकर यह कार्य करना पड़ रहा है। क्योंकि उनके लिए जनप्रतिनिधि हो या प्रशासन हो उनकी ओर से कोई सुविधाओं का लाभ नही मिल पा रहा है जिससे अपने दिमाग को लगाकर ड्रमों की सहायता से नाव बनाकर बकरियों के लिए चारे की व्यवस्था अन्य दूसरे सामानों को लाने ले जाने की व्यवस्था इसी तरीके से की जा रही है।

### बालविवाह की सूचना पर किया पाबंद

बयाना,(निस)। बयाना उपखंड के गांव नगला फागना में बालविवाह की सूचना पर पुलिस व प्रषासन की कवायद हुई। मौके से लौटे नायब तहसीलदार मानवेन्द्रसिंह जयसवाल व सहायक पुलिस उपनिरीक्षक निर्भयसिंह गुर्जर ने बताया कि गांव नगला फागना में बबलू गुर्जर की नाबालिग पुत्री का विवाह होने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो सूचना गलत निकली। जांच के दौरान सामने आया कि बबलू की पुत्री की नही बल्कि उसकी बालिग बहन की षादी थी। फिर भी पुलिस व प्रषासन की ओर से एहतियात के तौर पर नाबालिग बालिका के अभिभावकों को नियम कानून की जानकारी देते हुए बालविवाह नही करने के लिए पाबंद किया गया।

### विवाहिता से दुष्कर्म का प्रयास

**बयाना**,(निसं)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक विवाहिता को घर में अकेला देख उसी के गांव के एक युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला ने प्रतिरोध किया तो उसके साथ मारपीट करते हुए धमकाया। पीडित महिला ने आरोपी युवक के विरूद्ध पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि जब उसका पति एक शादी समारोह में बाहर गया हुआ था। तब उसे घर में अकेला देख रात्रि को आरोपी युवक ने दुश्कर्म को प्रयास किया और उसका विरोध करने पर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट करते हुए उसे धमकाकर चुप रहने की चेतावनी दी। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### मनीष कुमार मीणा का स्वागत किया

**मेहंदीपुर बालाजी**, (नि.सं.)। हाल ही में कुछ दिन पूर्व आईएएस के आई परिणामों में नागललाट निवासी मनीष मीना ने सफलता हासिल की थी उसके बाद उन्हें अब आईपीएस केडर मिला है। मनीष को आईपीएस कैडर मिलने पर पहलाद योगी ठेकेदार बाबूलाल योगी ठेकेदार महेश मास्टर सहित पाडला के अनेकों ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर मनीष का जोरदार स्वागत किया। मनीष ने प्रथम प्रयास में ही अच्छे अंक हासिल कर टोडाभीम तहसील सहित अपने पूरे गांव व टोडाभीम का नाम रोशन किया है। जिसमें उनको आईपीएस कैडर मिला है मनीष इसे लेकर बहुत खुश है। मनीष ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मैं सभी अभिभावकों से प्रार्थना करना चाहता हूं कि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं उन्होंने कहा कि मेरी सफलता का सारा श्रेय मेरे परिवार वालों को जाता है वही मेरे परिवार में मुझे अच्छा माहोल मिला और मेरे परिवार वालों ने शिक्षा के प्रति मुझे हमेशा प्रेरित करते रहे।

### चुनाव लड़ने वाले से लिए बायोडाटा

मण्डरायल,(निं.सं.)। जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव नजदीक आते ही लोग सक्रिय हो गए हैं जिन्होंने अपने बायोडाटा चुनाव कार्य में लगे पार्टी पदाधिकारियों को सौंपे। मण्डरायल पंचायत समिति के सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य पद हेतु चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों से बायोडाटा लिए। भाजपा चुनाव संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा,चुनाव सह संयोजक उत्तम सिंह जादौन,विकास सिंह,जसवंत माँच और पूर्व पार्षद कुलदीप पाठक रविवार को मंडरायल पहुंचे जहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर पंचायत चुनावों को लेकर चर्चा की इस दौरान चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी भी उपस्थित हुए जिन्होंने चुनाव संयोजक एवं सह संयोजक को अपने अपने बायोडाटा सौपे।

### फिरौती वसूली का आरोपी भेजा जेल

**बयाना**। करीब डेढ माह पूर्व एक पत्थर कारोबारी को महिला का झांसा देकर कारोबारी का अपहरण कर उससे 30 लाख रूपए फिरौती मांगने के आरोपी को अब पुलिस ने रिमांड पूरे होने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रैट के आदेष पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है। पुलिस उपाधीक्षक अजयषर्मा ने बताया कि रूदावल थाना प्रभारी मनीश षर्मा व उनकी टीम की ओर से इस मामले में धौलपुर जिले के थाना बाडी क्षेत्र के गुम्बट चौकी निवासी रामवीर गुर्जर पुत्र घीसा को रूदावल थाना क्षेत्र के गांव महलपुर निवासी पत्थर कारोबारी षिषुपाल ठाकुर का अपहरण व उससे 30 लाख रूपए की वसूली के मामले में गिरफतार किया था। इस मामले में अन्य आरोपीयों की पूर्व में गिरफ्तारी की जा चुकी है।

### पिचूना में सजा सांई बाबा का दरबार

**बयाना** । निकटवर्ती गांव पिचूना के सांईबाबा मंदिर में वार्शिक उत्सव के अवसर पर साईबाबा का दरबार सजा व विभिन्न धार्मिक एवं सास्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हुए। जिनमें श्रद्धालुओं ने बढचढकर भाग लिया। यह आयोजन सांईबाबा के भक्तों की ओर से आयोजित किए गए। दो दिवसीय समारोह के तहत मंदिर में साई बाबा की प्रतिमा के अभिशेक के प्च्चात सांई बाबा का दरबार सजाया गया तथा 56 भोग व फूलबंगला झांकी सजावट, हवन यज्ञ, महाआरती भजन गीत आदि कार्यक्रमों के आयोजन हुए। इस अवसर पर सामूहिक भोजन प्रसादी वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में दूरदराज से आए श्रद्धालुओं व महिलाओं ने भी बढचढकर भाग लेते हुए मनोकामना पूर्ण होने की अरदास की।

### विश्व विकलांग दिवस 3 दिसम्बर को

**गंगापुर सिटी** (नि.स)। विशेष योग्यजन विकास समिति सवाई माधोपुर के तत्वाधान में तीन दिसंबर 2021 शुक्रवार को 11 बजे माउंट टाउन क्लब गार्डन सवाई माधोपुर में विश्व विकलांग दिवस मनाया जायेगा। जिसकी मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सुदामा देवी होंगी। अध्यक्षता लोक सेवा आयोग के सदस्य सुरजीत मीणा करेंगे। विशिष्ट अतिथि एडीएम सूरज सिंह नेगी, सहायक निदेशक सुनील कुमार गर्ग आदि होंगे। इस अवसर पर विशेष योग्यजनों को ट्राइसाइकिल, वैसाखी, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र और ब्लाइंड छडी का वितरण किया जायेगा।

### सुशील दीक्षित प्रभारी नियुक्त

**गंगापुर सिटी** (नि.स)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने हिंडौन पंचायती चुनाव में सुशील दीक्षित को प्रभारी व नवीन शर्मा को सप्रभारी नियुक्त किया हैं। दीक्षित ने बताया की भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में जिला प्रमुख और प्रधान का चुनाव करौली जिले में जीतेगी। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, नगर परिषद सभापति शिवरतन गुप्ता, उपसभापति वीरेंद्र शर्मा, पूर्व सभापति हरिप्रसाद बोहरा, घनश्याम शर्मा, सवाई सिंह राजावत, प्रदीप सरकार आदि ने इनकी नियुक्ति पर प्रसन्नत व्यक्त की हैं।

### आरोपी पुलिस रिमांड पर

**बयाना** (नि.स)। कोतवाली पुलिस की ओर से एक नाम एक बल्दियत व जाति और पता समान होने का लाभ उठाते हुए साजिष पूर्ण तरीके से दूसरे की जमीन को बेचान कर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने के आरोपी को पुलिस ने गिरफतार करने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रैट के समक्ष पेष किया जहां से उसे सोमवार तक के लिए पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है। कोतवाली एचएम लालसिंह ने बताया कि गिरफतार आरोपी कस्बा निवासी प्रकाष चंद पुत्र यादराम सैनी है।